INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class :- 6 2nd Lang. | Department: Hindi | Date - |
|---|---|---|
| Study Material | Topic: विज्ञापन, अनुच्छेद, चित्र वर्णन | Note: Pl. Write in Note book. |

Q 1. बालों के तेल के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

# कंचन केश तेल

"आपके बालों का असली साथी!"

## तेल की विशेषताएँ:

1. **बालों को घना और मजबूत बनाएँ |**
2. **बालों का गिरना कम करें |**
3. **बालों में चमक लाएँ |**
4. **सिरदर्द दूर करें |**

जल्दी कीजिए!




## विशेष ऑफर:

अभी खरीदें और **दूसरी बोतल पर 50% छूट** पाएं!

**फ्री होम डिलीवरी** सिर्फ़ इस महीने!

कीमत – **सिर्फ़** 60 **रूपये**

## अभी ऑर्डर करें:

अधिक जानकारी के लिए इस नं० पर कॉल करें


98765-43210 www.kanchankeshtel.in

50 % की छूट

Q 2. 'मेरा देश' विषय पर अनुच्छेद लिखिए|

मेरे देश का नाम भारत है। भारत की राजधानी नई दिल्ली है। भारत को हिन्दुस्तान और इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज का नाम तिरंगा है। भारत में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं, जैसे हिंदी, तमिल, गुजराती, मराठी, पंजाबी और मलयालम आदि। हिंदी भारत की राजभाषा है। यहाँ सभी धर्मों के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। हमारे देश में होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, ओणम, पोंगल और बैसाखी जैसे त्योहार मनाए जाते हैं। 15 अगस्त और 26 जनवरी हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं। भारत का राष्ट्रीय पशु बाघ है, राष्ट्रीय पक्षी मोर है और राष्ट्रीय फूल कमल है। यह बहुत सुंदर देश है। हमें अपने देश को साफ़ रखना चाहिए और अपने देश से प्यार करना चाहिए। भारत एक महान देश है और मुझे अपने देश पर गर्व है।

Q 3. दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 50 शब्दों में कीजिए|



****************************